(प्रश्न- पत्र की रूपरेखा) (2023-24)

विषय : संस्कृत
कक्षा : दसवीं

समय : 3 घण्टे **कुल अंक : (लिखित=75+5 सुन्दर लिखाई) =80**
आन्तरिक मूल्यांकन = 20

- **प्रश्नपत्र में कुल 9 प्रश्न होंगे।**
- **प्रश्न पत्र में दो भाग (क तथा ख) होंगे ।**
- **अति लघूत्तर प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) प्रश्न-पत्र के भाग क में कुल एक-एक अंक के 30 प्रश्न होंगे।**
- **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।**

	भाग - क **अति लघूत्तर प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**	
1	प्रश्न एक में मिलान से संबंधित अथवा हाँ/नहीं अथवा सही/गलत अथवा बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले, किसी भी प्रकार के **प्रश्न** पूछे जा सकते हैं ।	
	(i) पाठ्यक्रम में दी गई सन्धियों में से सात शब्द सन्धि / सन्धि विच्छेद के लिए दिये जाएें । जिनमें से किन्हीं पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए ।	5x1=5
	(ii) पाठ्यक्रम में दी गई उपसर्ग में से सात उपसर्ग देकर पाँच की धातु अलग करने के लिए कहा जाए ।	5x1=5
	(iii) निर्धारित धातुओं के साथ प्रत्यय लगाने के लिए सात धातुएं तथा प्रत्यय दिए जाएं, जिनमे से पाँच धातुओं के साथ प्रत्यय लगाने को कहा जाए । अथवा पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में आए अव्ययों में से सात अव्यय देकर पाँच को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहा जाए ।	5x1=5
	(iv) पाठ्यक्रम में दिए गये संज्ञा शब्द रूपों में **अथवा** हलन्त् और सर्वनाम शब्द रुपों में से सात शब्दरूपों में से प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए ।	5x1=5
	(v) पाठ्यक्रम में दिए गये धातु रूपों में से संबंधित सात धातुरूपों में प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल पाँच का उत्तर लिखने को कहा जाए ।	5x1=5

	(vi) पाठों के अभ्यासों में से आठ संस्कृत शब्द दिए जाएं जिनमें से पाँच शब्दों का हिन्दी में अर्थ लिखने को कहा जाए ।	5x1=5
	भाग -ख	
2	तीन गद्यांश दिए जाएं जिनमें से दो का अनुवाद हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में करने को कहा जाए ।	2x5=10
3	तीन पद्य दिए जाएं जिनमें से दो का प्रसंग सहित अर्थ हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में लिखने को कहा जाए।एक अंक प्रसंग का तीन अंक अर्थ के निर्धारित है ।	2x5=10
4	पाठों के अभ्यासों में से पाँच प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं , जिनमें से तीन का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।	3x2=6
5	संस्कृत में पाँच प्रश्न दिए जाएं । जिनमें से तीन का उत्तर संस्कृत में लिखने को कहा जाए ।	3x2=6
6	उपपद सम्बन्धी अशुद्धि वाले सात वाक्य दिये जाएं जिनमें से पाँच वाक्यों को शुद्ध करने को कहा जाये । **अथवा** शब्द रूप तथा धातु रूप पर आधारित रिक्त स्थानों की पूर्ति । पुस्तक के अभ्यासों में से सात वाक्य दिए जाए जिनमें से पाँच करने को कहा जाए ।	5x1=5
7	पाठ्य पुस्तक में से कोई एक गद्याँश देकर उसी मे से संस्कृत में दो सरल प्रश्नोत्तर पूछे जाएं ।	2x2=4
8	पाठ्यक्रम में निश्चित् तीन निबंध देकर किसी एक विषय पर संस्कृत में लगभग 80 शब्दों में निबंध लिखने को कहा जाए । **अथवा** हिन्दी के 7 वाक्य दिए जाएं जिनमें से चार वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करने को कहा जाए ।	4x1=4
9	सुंदर लिखाई ।	5